प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 25.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ रांची के अल्पसंख्यक स्कूलों में मौन रखकर मृतकों को दी गयी श्रद्धांजलि, काली पट्टी बांधकर अदा की गयी जुमे की नमाज, हटिया में चार घंटे दुकानें बंद।
- राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा– केन्द्र को लेनी चाहिए पहलगाम हमले की जवाबदेही, भाजपा ने कहा– प्रधानमंत्री कर रहे हैं अपना काम।
- रांची के सिरमटोली स्थित फ्लाईओवर रैम्प निर्माण का विवाद फिर गहराया, आदिवासी संगठनों ने बुलायी आपातकालीन बैठक, पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील।
- बोकारो में रेलवे स्टेशन के पास लगी भीषण आग, एक दर्जन से ज्यादा दुकानें जलकर राख, लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान।
- विश्व मलेरिया दिवस पर आज जागरुकता बढ़ाने और रोग पर नियंत्रण के लिए राज्यभर में आयोजित किये जा रहे हैं कई कार्यक्रम।

******************

पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ राज्य में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। कई राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा जुलूस निकाल कर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। रांची के अल्पसंख्यक स्कूलों में आज मौन रखकर मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। उधर, हटिया में चार घंटे तक दुकान और प्रतिष्ठान बंद रखे गये। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने काली पट्टी बांधकर जुमे की नमाज अदा की।

******************

उधर, सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में पहलगाम घटना के विरोध में सभी दुकानों को बंद रखा गया है। इस बंद का आह्वान स्थानीय व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने मिलकर किया है। क्षेत्र के लोगों ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए शांति और एकता का संदेश दिया।

******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार के उस बयान की निंदा की है जिसमें उन्होंने कहा था कि पहलगाम की घटना के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उन्होंने कहा है कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को देश के भूगोल की जानकारी तो होनी ही चाहिए।

******************

इस बीच नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने अपने बयान पर सफाई दी है। श्री कुमार ने रांची में पत्रकारों से कहा कि उन्हें देश के भूगोल की पूरी जानकारी है। उन्होंने तो भाजपा पर कटाक्ष करने के लिए यह बयान दिया था। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी घटना के लिए जब केन्द्र सरकार जवाबदेही लेने को तैयार नहीं है तो दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्रियों को ही नैतिकता दिखानी पड़ेगी।

******************

भाजपा ने इस पर पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा है कि प्रधानमंत्री अपना काम बखूबी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई पूरा देश देखेगा।

******************

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप बलमुचू ने कहा है यह वक्त राजनीति करने का नहीं बल्कि एकजुटता के साथ कार्रवाई करने का वक्त है। कोडरमा में पत्रकारों से बातचीत में श्री बलमुचू ने सिंधु समझौता और अटारी बॉर्डर बंद करने जैसे फैसले का स्वागत किया लेकिन यह भी कहा कि जब पूरा विपक्ष केन्द्र सरकार के साथ है तो प्रधानमंत्री को और कड़े कदम लेने की जरुरत है।

******************

राजधानी रांची के सिरमटोली स्थित फ्लाईओवर रैम्प निर्माण का विवाद एक बार फिर गहरा गया है। कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा रैंप निर्माण का काम फिर से शुरू कर दिया गया है, जिसका आदिवासी संगठन विरोध कर रहे हैं। आक्रोशित आदिवासी संगठनों ने इस सिलसिले में आज आपातकालीन बैठक बुलाई है। इस बीच पूरे क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

******************

बोकारो रेलवे स्टेशन के पास कई दुकानों में देर रात भीषण आग लग गयी। इस घटना में एक दर्जन से अधिक दुकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गयी। कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। घटना में लगभग 40 से 50 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है।

******************

हजारीबाग में एक ऐसा भी सरकारी विद्यालय है, जहां नामांकन लेने से पूर्व विद्यार्थियों को डेमो क्लास कराया जाता है।

******************

भारतीय शेयर बाजारों में आज भारी गिरावट देखी गई। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 1,000 अंक क्रैश होकर 78 हजार 800 के स्तर पर आ गया। वहीं निफ्टी करीब 335 अंकों का गोता लगाकर 23 हजार 908 के स्तर पर आ गया।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 89 हजार 300 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

आज विश्व मलेरिया दिवस है। मलेरिया के बारे में जागरूकता बढाने और इस रोग पर नियंत्रण, रोकथाम तथा इसे पूर्णरूप से समाप्त करने संबंधी उपायों को बढावा देने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आयोजित वैश्विक पहल है।

******************

संक्षिप्त खबरें–

- धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित ओजोन गैलेरिया मॉल के चौथे फ्लोर पर एक बार के पास स्थित जेंट्स वॉशरूम में गोली चलने की घटना सामने आई है। इस घटना में नूतनडीह निवासी सुनील कुमार वर्णवाल घायल हो गए हैं, जो धनबाद के सीओ के भांजे हैं।
- मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जुड़े लाभुकों का आधार लिंक कराने के लिए 29 अप्रैल को रांची जिले में पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा।

******************

राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में कल से लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि कल से अगले चार दिनों तक राज्य में बारिश की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी।

******************

फिट इंडिया अभियान के तहत 27 अप्रैल को सुबह सात बजे पूरे देश में संडे ऑन साइकिल पहल का आयोजन किया जायेगा। रांची में भारतीय खेल प्राधिकरण–साई की ओर से बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम से इसकी शुरुआत होगी। साई ने इस कार्यक्रम में सभी लोगों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

**************